कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

<u>प्रेस नोट</u>

<u>दिनांक-24.11.2023</u>

थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री से प्राप्त कुल 4580/- रु0 नगद के साथ अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री/परिवहन, अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र स्व0 पन्ना लाल निवासी ग्राम धरांग थाना चोलापुर वाराणसी को गौराकला चिरईगाँव वाले रोड पर योग साधना दृष्टि मंदिर के पास थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक-23.11.2023 को समय करीब 19.40 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा व गांजा बिक्री से प्राप्त कुल 4580/- रुपया नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0630/2023 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>विवरण पूछताछ-</u> अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि जो झोला मेरा पास है उसमें नाजायज गाँजा है, जिसे बेचने के लिए मै यहाँ ग्राहक का इन्तजार कर रहा था कि आप लोगो को आता देख डरकर भागने लगा लेकिन आप लोगों ने पकड़ लिया। मेरे पास से जो रुपये बरामद हुए हैं, यह वही रुपये है जो अब तक गांजा मैने बेचा है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

धर्मेन्द्र यादव पुत्र स्व0 पन्ना लाल निवासी ग्राम धरांग थाना चोलापुर वाराणसी, उम्र 32 वर्ष।

<u>विवरण बरामदगी-</u> कुल 01 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा व जामा तलाशी से 4580/- रुपये नगद बरामद।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.उ0नि0 अजय पाल थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 अवधेश कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 सरदार राम थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4.का0 पंकज कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।